अध्याय 23

इस्राएल को आशीष देते हुए बिलाम के आशीर्वचन (भाग 1)

बिलाम को मोआब के राजा बालाक द्वारा, इस्राएल के लोगों को जो उसके राज्य के लिए खतरा थे, शाप देने के लिए मेसोपोटामिया से बुलाया गया था। बिलाम के मोआब में आने पर, उसने बालाक से कहा कि "जो बात परमेश्वर" मेरे मुँह में डालेगा वही बात मैं कहूँगा। (22:38)। गिनती 23 और 24 में वे संदेश दिए गए हैं जो बिलाम को इस्राएल के विषय में परमेश्वर से प्राप्त हुए थे-वे संदेश जिन्होंने इस्राएल को शाप देने के बजाए आशीष दी (देखें *परिशिष्ट: बलामस फॉर ओराक्लस फ्रॉम गॉड ब्लेस्सिंग इस्राएल इन नम्बर्स 23 एण्ड 24*, पेज 152).

चार संदेश दो इस अध्याय में और दो अध्याय 24 में, इन्हें कविता के रूप में "आशीर्वचनों" में प्रस्तुत किया गया है (देखें NIV)। पहली तीन में से प्रत्येक को एक अलग स्थान से दिया गया था, और इसके बाद संदेश से बालाक की निराशा की अभिव्यक्ति और बिलाम का दावा कि वह केवल वही बात कहेगा जो परमेश्वर उसके मुँह में डालेगा। एक चौथा संदेश जिसके पहले बलिदान नहीं चढ़ाया गया, वह कई देशों के विरुद्ध की गई आशीर्वचनों की श्रृंखला को समाप्त करता है। चार प्रमुख आशीर्वचनों में से प्रत्येक को NASB में इस कथन के साथ प्रस्तुत किया गया है कि बिलाम ने "अपनी गूढ़ बात आरम्भ की" (23:7, 18; 24:3, 15), और इसलिए पराए देशों के विरुद्ध तीन आशीर्वचन हैं (24:20, 21, 23)। बिलाम ने तब कुल सात "गूढ़ बातें" या "आशीर्वचन" सुनाए। शब्द "गूढ़ बात" (מָשָׁל, *मशाल),* इन सभी वाक्यांशों में पाया जाता है, जिसका शाब्दिक अर्थ है "दृष्टान्त" या "नीतिवचन"; परन्तु इन में, इसका अर्थ है "आशीर्वचन।"[1]

बिलाम के आशीर्वचन क्रम में हैं, यह घोषणा करते हुए कि इस्राएल को परमेश्वर के द्वारा आशीषित किया गया था और वह समृद्ध होगा, जबकि उसके शत्रु शापित होंगे। रोमांच और भी बढ़ जाता है जब बालाक अपने शत्रु को बिलाम के द्वारा तीन बार शाप दिए जाने का प्रयास करता है। पाठक प्रत्येक बार यह पूछ सकता है कि "क्या बालाक इस बार सफल होगा? क्या बिलाम इस्राएल को शाप

देगा?" हर बार बालाक को निराशा हुई; और उसने अपनी निराशा को-बिलाम के शब्दों के प्रति अपने उत्तर में व्यक्त किया-और यह खीझ और इसके बाद क्रोध बन गई। चौथे आशीर्वचन में, कहानी इसके उत्कर्ष तक पहुँचती जैसे ही बिलाम ने एक महान राजा, एक "तारे" के आने की भविष्यद्वाणी की, जो "याकूब से उदय होगा" और मोआबी और एदोमियों को कुचल देगा (24:17-19)। इन आशीषों ने पहले की गई प्रतिज्ञाओं को नया कर दिया जो, या तो इस्राएल के पुरखों या देश से की गईं थीं (देखें *परिशिष्ट: गॉडस प्रोमिसेस रिन्यूड इन बलाम्स ओराक्ल्स इन नम्बर्स 23 एण्ड 24*, पेज 153)।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि बालाक, जो इस्राएल को शापित देखना चाहता था, बिलाम के आशीर्वचनों से परेशान था। इसके विपरीत, जब इस्राएलियों ने परमेश्वर द्वारा दी गई आशीषों के बारे में जाना और बिलाम द्वारा जिनका उच्चारण किया गया, तो उन शब्दों ने उन्हें बहुत प्रोत्साहित किया होगा।

पहला आशीर्वचन:

"यहोवा ने इस्राएल को आशीष दी है" (23:1-12)

1तब बिलाम ने बालाक से कहा, "यहाँ पर मेरे लिये सात वेदियाँ बनवा, और इसी स्थान पर सात बछड़े और सात मेढ़े तैयार कर।" 2तब बालाक ने बिलाम के कहने के अनुसार किया; और बालाक और बिलाम ने मिलकर प्रत्येक वेदी पर एक बछड़ा और एक मेढ़ा चढ़ाया। 3फिर बिलाम ने बालाक से कहा, "तू अपने होमबलि के पास खड़ा रह, और मैं जाता हूँ; सम्भव है कि यहोवा मुझ से भेंट करने को आए; और जो कुछ वह मुझ पर प्रकाशित करेगा वही मैं तुझ को बताऊँगा।" तब वह एक मुण्डे पहाड़ पर गया। 4और परमेश्वर बिलाम से मिला; और बिलाम ने उससे कहा, "मैं ने सात वेदियाँ तैयार की हैं, और प्रत्येक वेदी पर एक बछड़ा और एक मेढ़ा चढ़ाया है।" 5यहोवा ने बिलाम के मुँह में एक बात डाली, और कहा, "बालाक के पास लौट जा, और यों कहना।" 6और वह उसके पास लौटकर आ गया, और क्या देखता है कि वह सारे मोआबी हाकिमों समेत अपने होमबलि के पास खड़ा है। 7तब बिलाम ने अपनी गूढ़ बात आरम्भ की, और कहने लगा, "बालाक ने मुझे अराम से, अर्थात् मोआब के राजा ने मुझे पूरब के पहाड़ों से बुलवा भेजा: 'आ, मेरे लिये याकूब को शाप दे, आ, इस्राएल को धमकी दे!' 8परन्तु जिन्हें परमेश्वर ने शाप नहीं दिया उन्हें मैं क्यों शाप दूँ? और जिन्हें यहोवा ने धमकी नहीं दी उन्हें मैं कैसे धमकी दूँ? 9चट्टानों की चोटी पर से वे मुझे दिखाई पड़ते हैं, पहाड़ियों पर से मैं उनको देखता हूँ; वह ऐसी जाति है जो अकेली बसी रहेगी, और अन्यजातियों से अलग गिनी जाएगी! 10याकूब के धूलि के किनके को कौन गिन सकता है, या इस्राएल की चौथाई की गिनती कौन ले सकता है? सौभाग्य, यदि मेरी मृत्यु धर्मियों की सी, और मेरा अन्त भी उन्हीं के समान हो!" 11तब बालाक ने बिलाम से कहा, "तू ने मुझ से क्या किया है? मैं ने तुझे अपने शत्रुओं को शाप देने को

बुलवाया था, परन्तु तू ने उन्हें आशीष ही आशीष दी है।" 12उसने कहा, "जो बात यहोवा ने मुझे सिखलाई क्या मुझे उसी को सावधानी से बोलना न चाहिये?"

जैसा कि हमने बिलाम के बालाक को दिए गए संदेशों को पढ़ा, कहानी में मतभेद अधिक स्पष्ट हो गया। यह मतभेद था, पहला मतभेद, भविष्यद्वक्ता बिलाम और राजा बालाक के बीच, जो एक दूसरे के विपरीत उद्देश्यों से प्रेरित थे। बालाक अपने राज्य के लिए उसकी चिंता और इस्राएल के भय प्रभावित था, और बिलाम केवल यह बोलने के लिए अपने दृढ़ संकल्प द्वारा कि प्रभु ने उसे क्या कहने के लिए दिया था। एक गहरे स्तर पर, मतभेद परमेश्वर और उसके लोगों, जिनका प्रतिनिधित्व बिलाम कर रहा था और मोआब देश - साथ ही कोई भी अन्य जो अपने उद्देश्यों को पूरा करने से परमेश्वर को रोकने का प्रयास करेगा उसके बीच था।

आयतें 1, 2. बिलाम की पहली गूढ़ बात से पहले, बालाक उसे "बाल के ऊँचे स्थान," या "बामोथ बाल" (NIV) पर ले गया, जहाँ से वह "इस्राएल के लोगों" को देख सकता था (22:41)। यह स्थान सम्भवतः "बामोथ" के समान ही जिसका वर्णन इस्राएल की यात्रा के अन्त के निकट किया गया है (21:19)। यद्यपि इसका स्थान अनिश्चित है, फिर भी यह अर्नोन के उत्तर में कई मील दूर स्थित रही होगी - सम्भवतः "नीबो पर्वत के क्षेत्र में ट्रांसजॉर्डन पठार के [पश्चिमी] किनारे पर ऊँचाई पर।"[2] "बामोथ-बाल" केवल उच्च स्थानों की एक श्रृंखला नहीं था; बल्कि एक नगर भी था। भूमि के आवंटन में, यह रूबेन (यहोशू 13:17) के गोत्र को दिया गया था।

बामोथ-बाल पर, **बिलाम** ने **बालाक** से कहा, यहाँ पर मेरे लिये **सात वेदियाँ बनवा**, और इसी स्थान पर **सात बछड़े और सात मेढ़े तैयार कर**। जब तैयारियाँ हो गईं, तब **बालाक और बिलाम ने मिलकर प्रत्येक वेदी पर एक बछड़ा और एक मेढ़ा** होमबलि के रूप में **चढ़ाया**। स्वयं होमबलियों के विषय में, यह होना चाहिए कि इस अवसर पर बालाक और बिलाम दोनों ने उन्हें चढ़ाया, जबकि बालाक को 23:30 में बाद के बलिदानों के चढ़ाने वाले के रूप में नामित किया गया है। इस चढ़ावे का उद्देश्य देवताओं का अनुकूल ध्यान प्राप्त करना था। पशु बलियाँ अन्य देशों के साथ-साथ इस्राएल द्वारा भी चढ़ाई जाती थीं।

आयत 3. बालाक को वेदी के पास होमबलि के साथ रुकने के लिए कहने के बाद उसके लिए वचन प्राप्त करने हेतु **बिलाम** ... **प्रभु से संदेश लेने के लिए एक मुण्डे पहाड़ पर गया**। सम्भवतः, वह परमेश्वर से एक शकुन प्राप्त करने की आशा कर रहा था (देखें 24:1)। शायद उससे पक्षियों के उड़ने या बादलों के आकार से एक ईश्वरीय संदेश के विषय में आशा थी।

आयत 4. इसके बजाय, **परमेश्वर बिलाम से मिला**। भाषा मानववादी है - अर्थात, परमेश्वर के विषय में ऐसे बताया गया है मानो कि वह एक मनुष्य था। वह बिलाम से उस पर प्रकट होने के द्वारा "मिला।" बिलाम ने उसे बताया कि उसने बलिदानों के साथ क्या किया था।

आयत 5. इसके बाद, **यहोवा ने बिलाम के मुँह में एक बात डाली** (देखें व्यव.

18:18; यिर्म. 1:9)। "बात" (דָּבָר, *दबार)* "को यहाँ पर एक तकनीकी शब्द के रूप में प्रयोग किया गया है जो यह बताता है कि एक भविष्यद्वक्ता क्या प्रसारित करता है, अर्थात्, परमेश्वर का एक संदेश"[3] (देखें यशा. 2:3; यिर्म. 18:18)। परमेश्वर ने उसे **बालाक** को संदेश प्रसारित करने का निर्देश दिया।

आयत 6. बिलाम ने वही किया जो उसे कहा गया था और उस स्थान को लौट गया जहाँ पर बालाक **अपने होमबलि के पास खड़ा था**। उसने न केवल राजा तक संदेश पहुँचाया, बल्कि **मोआब के सभी हाकिमों** तक भी संदेश पहुँचाया।

आयतें 7, 8. इस भावी **गूढ़ बात** में, बिलाम ने वर्णन किया कि **बालाक ने** उसे **अराम से**, **याकूब** (या **इस्राएल**) को शाप देने के लिए बुलवा भेजा, परन्तु वह उन लोगों को **शाप** नहीं दे सका जिन्हें **परमेश्वर ने शाप नहीं दिया**। "अराम" के अलावा, बिलाम ने उस क्षेत्र का वर्णन **पूरब के पहाड़ों** के रूप में किया वह जहाँ रहता था। ये "पहाड़ हैं जो पूर्वी सीरियाई-अरब रेगिस्तान से होते हुए पितरु/पतोर तक जाते हैं"[4] (22:5 पर टिप्पणियाँ देखें)।

आयत 9. उसने इस्राएल का वर्णन इस प्रकार किया **वह ऐसी जाति है जो अकेली बसी रहेगी, और अन्यजातियों से अलग गिनी जाएगी**। बिलाम इन शब्दों के द्वारा इस्राएल के स्थानीय अलगाव के विषय में नहीं बोल रहा था, बल्कि वह उनकी आत्मिक विशिष्टता के विषय में कह रहा था। इस्राएली एक विशेष भाव से परमेश्वर के लोग थे (निर्गमन 19:5); उन्हें अन्य सभी जातियों से अलग किया गया था क्योंकि परमेश्वर ने उन्हें अपनी निज प्रजा ठहराया था।

आयत 10. बिलाम ने इस्राएल के आकार के विषय में बात की; वे **धूलि** के किनको के समान थे जिन्हें **गिना** नहीं जा सकता; यहाँ तक कि **इस्राएल का चौथाई** भाग तक नहीं गिना जा सकता था। स्पष्ट तौर पर, बिलाम अतिशयोक्ति का उपयोग करके काव्य रूप में बात कर रहा था। सामान्य विचार यह है कि इस्राएल एक बड़ी भीड़ से मिलकर बना था। अन्त में बिलाम ने, परमेश्वर के लोगों की धार्मिकता के विषय में आशय के साथ जब यह कहा, "**यदि मेरी मृत्यु धर्मियों की सी, और मेरा अन्त भी उन्हीं** [याकूब] **के समान हो!"** "धर्मी" (יְשָׁרִים, *येशारिम)* बहुवचन में है और इस्राएलियों का सन्दर्भ है। दूसरे शब्दों में, बिलाम कह रहा था कि, "मैं भी इन लोगों के समान बन सकूं जिन्हें परमेश्वर ने आशीष दी है।" विडम्बना यह है कि, उसके पाप के कारण, बिलाम एक दुष्ट की मृत्यु मरा (31:8, 16)।

आयतें 11, 12. उसके प्रथम आशीर्वचन में, तब, **बिलाम** ने कहा कि इस्राएलियों को परमेश्वर के द्वारा शाप नहीं बल्कि आशीष दी गई थी। उन्हें परमेश्वर के द्वारा अन्य जातियों से अलग किया गया था, वे इतने बढ़ गए कि उन्हें गिना नहीं जा सकता था, और उन्हें परमेश्वर के द्वारा धर्मी समझा जाता था।

स्पष्ट है कि बालाक बिलाम के शब्दों से दुखी था। उसने कहा, **"तू ने मुझ से क्या किया है? मैं ने तुझे अपने शत्रुओं को शाप देने को बुलवाया था, परन्तु तू ने उन्हें आशीष ही आशीष दी है।"** बिलाम ने उसे उत्तर देकर कहा, जो बात यहोवा ने मेरे मुँह में डाली मैंने वही कही है।

दूसरा आशीर्वचन:

"यहोवा इस्राएल के संग है" (23:13-26)

13बालाक ने उससे कहा, "मेरे संग दूसरे स्थान पर चल, जहाँ से वे तुझे दिखाई देंगे; तू उन सभों को तो नहीं, केवल बाहर वालों को देख सकेगा; वहाँ से उन्हें मेरे लिये शाप दे।" 14तब वह उसको सोपीम नामक मैदान में पिसगा के सिरे पर ले गया, और वहाँ सात वेदियाँ बनवाकर प्रत्येक पर एक बछड़ा और एक मेढ़ा चढ़ाया। 15तब बिलाम ने बालाक से कहा, "अपने होमबलि के पास यहीं खड़ा रह, और मैं उधर जाकर यहोवा से भेंट करूँ।" 16और यहोवा ने बिलाम से भेंट की, और उसने उसके मुँह में एक बात डाली, और कहा, "बालाक के पास लौट जा, और यों कहना।" 17और वह उसके पास गया, और क्या देखता है कि वह मोआबी हाकिमों समेत अपने होमबलि के पास खड़ा है। और बालाक ने पूछा, "यहोवा ने क्या कहा है?" 18तब बिलाम ने अपनी गूढ़ बात आरम्भ की, और कहने लगा, "हे बालाक, मन लगाकर सुन, हे सिप्पोर के पुत्र, मेरी बात पर कान लगा: 19ईश्वर मनुष्य नहीं कि झूठ बोले, और न वह आदमी है कि अपनी इच्छा बदले। क्या जो कुछ उसने कहा उसे न करे? क्या वह वचन देकर उसे पूरा न करे? 20देख, आशीर्वाद ही देने की आज्ञा मैं ने पाई है: वह आशीष दे चुका है, और मैं उसे नहीं पलट सकता। 21उसने याकूब में अनर्थ नहीं पाया; और न इस्राएल में अन्याय देखा है। उसका परमेश्वर यहोवा उसके संग है, और उनमें राजा की सी ललकार होती है। 22उनको मिस्र में से ईश्वर ही निकाले लिये आ रहा है, वह तो बनैले सांड के समान बल रखता है। 23निश्चय कोई मंत्र याकूब पर नहीं चल सकता, और इस्राएल पर भावी कहना कोई अर्थ नहीं रखता; परन्तु याकूब और इस्राएल के विषय में अब यह कहा जाएगा, कि ईश्वर ने क्या ही विचित्र काम किया है! 24सुन, वह दल सिंहनी के समान उठेगा, और सिंह के समान खड़ा होगा; वह जब तक अहेर को न खा ले, और मारे हुओं के लहू को न पी ले, तब तक न लेटेगा।" 25तब बालाक ने बिलाम से कहा, "उनको न तो शाप देना, और न आशीष देना।" 26बिलाम ने बालाक से कहा, "क्या मैं ने तुझ से नहीं कहा कि जो कुछ यहोवा मुझ से कहेगा, वही मुझे करना पड़ेगा?"

आयत 13. फिर **बालाक** ने प्रस्ताव दिया कि बिलाम फिर से प्रयास करे, इस बार दूसरे स्थान से, शायद जहाँ से बिलाम कम इस्राएलियों को **देख** सकता था (देखें 22:41)। स्पष्ट है, उसका मानना था कि यदि बिलाम ने एक अलग सुविधा के बिंदु से देखा, तो वह उनकी संख्या से प्रभावित नहीं होंगे और उसका **उन्हें शाप** देना आसान होगा।

आयत 14. इस बार बालाक बिलाम को **सोपीम नामक मैदान में पिसगा के सिरे पर ले गया**। "सोपीम" का अर्थ है "पहरेदार," जो इस रणनीतिक ऊंचाई के लिए उपयुक्त है। यह वह स्थान भी होगा जहाँ परमेश्वर ने मूसा को अपनी मृत्यु से

पहले प्रतिज्ञा का देश देखने की अनुमति दी थी (व्यव. 34:1-5)। पिसगा में, बालाक ने उस बलिदान की विधि को दोहराया जो उसने पहले किया था (23:1, 2): **और वहाँ सात वेदियाँ बनवाकर प्रत्येक पर एक बछड़ा और एक मेढ़ा चढ़ाया।**

आयतें 15-17. एक बार फिर, बिलाम ने उसे वहाँ पर उसके पास ही यहोवा से भेंट करने तक वहीं पर ठहरे रहने को कहा। **यहोवा ने बिलाम से भेंट की**, और उसने बालाक के लिए **उसके मुँह में एक बात डाली**। जब बिलाम वेदी पर लौटा, जहाँ बालाक **अपनी होमबलि के पास खड़ा था**, राजा ने पूछा, **"यहोवा ने क्या कहा है?"**

आयतें 18-20. बिलाम का दूसरी भविष्य-सूचक **गूढ़ बात** लम्बी है। उसने सीधे बालाक को सम्बोधित करते हुए आरम्भ किया। उसने परमेश्वर के अपरिवर्तनीय स्वभाव, अपरिवर्तनशीलता की बात की: **"ईश्वर मनुष्य नहीं कि झूठ बोले, और न वह आदमी है कि अपनी इच्छा बदले"** (देखें इब्रा. 6:18)। यह भाषा अन्य वाक्यांशों के विरोधाभास में प्रतीत होती है, जो इस बात पर जोर देती है कि ईश्वर अपना मन बदलता है। हालाँकि, जैसा कि टिमोथी आर. एशली ने संकेत किया है, सच्चा परमेश्वर मनुष्य के ऊपर है कि वह मनुष्य की तरह नहीं बदलता। वह अपने लोगों की प्रार्थनाओं का उत्तर देता है, परन्तु वह चंचल नहीं है। उसके कार्य सदैव उसके अस्तित्व के चरित्र के अनुरूप हैं।[5]

बिलाम की बात यह थी, चूंकि परमेश्वर के उद्देश्यों को मजबूती से स्थापित किया गया है, इसलिए उसने **जैसा कहा है** वैसा ही करेगा। चूंकि परमेश्वर ने इस्राएल को आशीष देने का निश्चय किया था, वह यही है कि वह इसे करेगा। यहोवा और मेसोपोटामिया के देवताओं के बीच काफी अन्तर का अस्तित्व था। वे देवता "सनकी और निंदनीय" थे, जबकि यहोवा "अपरिवर्तनीय और इसी कारण अतुलनीय सच्चाई" था।[6]

परमेश्वर ने बिलाम को इस्राएल को आशीष देने के लिए **आज्ञा दी थी**; इसलिए, बिलाम को ऐसा करना पड़ा। वह परमेश्वर की आशीष को बदल नहीं सकता था और न ही **रद्द** कर सकता था।

आयतें 21-24. बिलाम ने कुछ ऐसे तरीके बताए, जिनसे परमेश्वर ने आशीष दी थी, या उसके लोगों को आशीष देगा। वे **अनर्थ** या **अन्याय** को अनुभव नहीं करेंगे, उनका **परमेश्वर**, उनका **राजा** उनके बीच में था (निर्गमन 15:18; व्यव. 33:5; न्यायियों 8:23; 1 शमूएल 8:7; 12:12)। वह उन्हें **मिस्र से बाहर** निकाल लाया था वह उनके लिए **बनैले सांड** के समान युद्ध करेगा। **मन्त्रों** में उनकी सफलता को रोकने की शक्ति नहीं थी। यह स्वीकार करना कि मन्त्र **इस्राएल के विरोध** में सफल नहीं हो सकते बिलाम के मुँह से अनिच्छा से निकला होगा, क्योंकि वह भावी कहने के द्वारा ही अपनी जीविका चलाता था! सम्भवतः यह कथन एक स्पष्ट संकेत है कि बिलाम के शब्द उसके अपने नहीं थे, बल्कि परमेश्वर की ओर से आए थे। आखिरकार, इस्राएल का दल अपने शत्रुओं को और **सिंह के समान खड़ा होगा ... जब तक अहेर को न खा ले**।

आयतें 25, 26. बालाक ने इस संदेश का उत्तर यह कहकर दिया, **"उनको न**

तो शाप देना, और न आशीष देना।" वह कह रहा था, "यदि तू मेरे शत्रुओं को शाप नहीं दे सकता, तो तू कम से कम उन्हें आशीष देने से बच सकता है!" **बिलाम ने बालाक** को स्मरण दिलाया, **"क्या मैं ने तुझ से नहीं कहा कि जो कुछ यहोवा मुझ से कहेगा, वही मुझे करना पड़ेगा?"**

तीसरा आशीर्वचन:

"इस्राएल एक बड़ा राज्य है" (23:27-30)

[27]बालाक ने बिलाम से कहा, "चल, मैं तुझ को एक और स्थान पर ले चलता हूँ; सम्भव है कि परमेश्वर की इच्छा हो कि तू वहाँ से उन्हें मेरे लिये शाप दे।" [28]तब बालाक बिलाम को पोर के सिरे पर, जहाँ से यशीमोन देश दिखाई देता है, ले गया। [29]और बिलाम ने बालाक से कहा, "यहाँ पर मेरे लिये सात वेदियाँ बनवा, और यहाँ सात बछड़े और सात मेढ़े तैयार कर।" [30]बिलाम के कहने के अनुसार बालाक ने प्रत्येक वेदी पर एक बछड़ा और एक मेढ़ा चढ़ाया।

आयतें 27-30. बालाक ने बिलाम से इस्राएल को शाप देने के लिए कहा, फिर से सुझाव दिया कि वे **एक और स्थान** पर चलकर फिर से प्रयास करें। **वे पोर के सिरे पर गए, जहाँ से यशीमोन देश दिखाई देता है (देखें 21:20)।** यह अन्तिम स्थान नीबो पर्वत के उत्तर में स्थित था। यह वही क्षेत्र था जहाँ बाद में इस्राएली मोआबियों (25:1-3) के साथ मूर्ति पूजा में लग गए थे। पोर में, बालाक ने सात वेदियों, सात बैल और सात मेढ़ों के साथ विधि को दोहराया (23:1, 2, 14), और बिलाम ने परमेश्वर की ओर से संदेशों को जारी रखा। बिलाम और बालाक की कहानी 24 अध्याय में समाप्त होती है।

अनुप्रयोग

परमेश्वर के वायदों का एक नवीनीकरण (अध्याय 23; 24)

अध्याय 23 और 24 में इस्राएल को आशीष देते हुए बिलाम की चार वाणियाँ एक दूसरे पर निर्मित हैं। पहली वाणी में बिलाम ने कहा कि इस्राएली विशेष लोग हैं जिनके समान अन्य कोई जाति नहीं है और वे संख्या में बहुत अधिक हैं (23:9, 10)। दूसरी वाणी में बिलाम ने घोषणा की कि इस्राएल को परमेश्वर से आशीर्वाद मिला है जो निरन्तर उनके साथ था, उनके लिए लड़ा और उन्हें जय प्रदान की (23:20-24)। तीसरी वाणी में बिलाम ने नबूवत की कि इस्राएल फलवन्त, समृद्ध और शक्तिशाली बन जाएगा (24:5-7)। उसने संकेत दिया कि वे अपने शत्रुओं को हरा देंगे (24:8, 9) और जो कोई उन्हें आशीष दे वे आशीष पाएँगे और जो कोई उन्हें शाप दें वे शापित होंगे (24:9b)। चौथी वाणी में बिलाम ने आने वाले महान राजा की नबूवत की अर्थात वह "तारा" जो "याकूब में से उदय होगा" और वह

मोआबियों और एदोमियों को चूर कर देगा (24:17-19)। इन आशीषों ने पूर्व में किए वायदों को फिर से नया कर दिया जो या तो इस्राएल के पितरों से अथवा इस जाति से किए गए थे।

इस्राएल: "एक अलग जाति" (23:9)

बिलाम ने इस्राएल के लिए बताया कि "वह ऐसी जाति है जो अकेली बसी रहेगी, और अन्यजातियों से अलग गिनी जाएगी" (23:9)। इस्राएल "वह जाति नहीं थी … जो अलग हो" अर्थात लोग अन्य राष्ट्रों से कोई व्यवहार नहीं रखते थे अथवा उन्होंने परदेशियों को अपने बीच में रहने से मना कर दिया। इसके स्थान पर वे एक ऐसी जाति थी जो जानती थी कि परमेश्वर ने उन्हें पृथ्वी के सब लोगों में से अपने लोग होने के लिए विशेष रूप से बुलाया है (निर्गमन 19:5, 6)। प्रायोगिक तथ्यों में उस विशेष बुलाहट का अर्थ था कि इस्राएल से यह माँग की गई कि वह अन्य लोगों की तुलना में अलग प्रकार का जीवन जीते हुए एक विशेषता बनाए रखे - उदाहरण के लिए, पारम्परिक मामलों में विशेष भोजनों से बचना, अविश्वासियों से विवाह करने से बचना और सब्त का दिन मानना परन्तु साथ ही वे मूसा के द्वारा दी गई परमेश्वर की नैतिक व्यवस्था को बनाए रखें।

ठीक इसी प्रकार एक देह के रुप में कलीसिया और लोगों के रुप में मसीही लोग "बुलाए गए हैं।" (देखें 1 पतरस 2:9)। वर्तमान की कलीसिया ठीक उसी प्रकार से है जैसा पुरानी वाचा के अन्तर्गत इस्राएल था: हम संसार से बुलाए गए हैं जिससे संसार से अलग हों और भिन्नता रखें (रोम. 12:1, 2; याकूब 1:27; 1 यूहन्ना 2:15-17)। इस प्रकार की बुलाहट का अर्थ यह नहीं है कि हमें पवित्र समुदायों में एकान्तवासी जीवन जीना है और कलीसिया के बाहर किसी भी पापी से कोई सम्पर्क नहीं रखना है। इसके स्थान पर, हमें संसार *के* न होते हुए संसार *में* जीवन जीना है (यूहन्ना 17:11, 14, 15, 18)। हम इसलिए हैं कि "नमक" और "ज्योति" के रूप में कार्य करें (मत्ती 5:13-16) जिससे संसार को एक उत्तम स्थान बना सकें और अन्य लोगों को उस एकमात्र जन की ओर संकेत दे सकें जिसने हमें इस संसार से बुलाया है।

परमेश्वर का आशीर्वाद स्वीकार करने की आवश्यकता है (23:10)

इस्राएल का "धूल" होना हमें परमेश्वर के द्वारा अब्राहम को दिए गए वायदे को याद दिलाता है कि उसका वंश "पृथ्वी की धूल के किनकों" के समान होगा (उत्पत्ति 13:16; देखें 22:17)। यह अपने लोगों के लिए परमेश्वर के वायदे का मात्र एक भाग था। उसने अब्राहम से यह भी कहा, "और पृथ्वी की सारी जातियाँ अपने को तेरे वंश के कारण धन्य मानेंगी" (उत्पत्ति 22:18)। पौलुस ने गलातियों 3:16 में घोषणा की कि यह वायदा यीशु मसीह में पूरा किया गया।

परमेश्वर का आशीर्वाद वर्तमान में मसीह के द्वारा प्रत्येक जाति के लोगों तक फ़ैला दिया गया है। जो कोई सुसमाचार का सन्देश सुनता है वह इसलिए बुलाया

गया है कि परमेश्वर के पुत्र के रूप में यीशु पर विश्वास करे जो हमारे लिए मरा, फिर उस विश्वास का अंगीकार करे, अपने पापों से पश्चात्ताप करे और पापों की क्षमा के लिए बपतिस्मा के लिए समर्पित हो (प्रेरितों 2:38; रोम. 10:8-11)। जो लोग विश्वास में आज्ञाकारी बन जाते हैं वे अब्राहम की आत्मिक सन्तान बन जाते हैं (गला. 3:7, 29) और स्वर्ग में अनन्त जीवन की आशीष को थाम लेते हैं (1 यूहन्ना 5:11)।

"यदि मेरी मृत्यु धर्मियों की सी हो" (23:10)

गिनती 23:10 में हम पढ़ते हैं, "यदि मेरी मृत्यु धर्मियों की सी ["धार्मिक"; NIV], और मेरा अन्त भी उन्हीं के ["उनके"; NIV] समान हो!" यह इच्छा बिलाम के द्वारा उस समय व्यक्त की गई जब उसे एक प्रकाशन दिया गया कि परमेश्वर ने इस्राएल को आशीष दी है और वे लोग संख्या में इतने अधिक हो जाएँगे कि उन्हें गिना भी नहीं जा सकेगा (23:8-10)। प्रभु के द्वारा आशीषित होने का अर्थ क्या है इसे देखते हुए बिलाम ने यह कहते हुए प्रत्युत्तर दिया कि वह इस्राएलियों के समान बनना चाहता है जिन्हें परमेश्वर आशीर्वाद दे रहा था: धर्मी अथवा धार्मिक। इस कारण उसने कहा, "यदि मेरी मृत्यु धर्मियों की सी हो!"

मृत्यु एक सार्वभौमिक अनुभव है। हम यह सुनिश्चय कर सकते हैं कि जब मसीह लौट कर आएगा तब अगर हम जीवित नहीं होते तो हम सब मर जाएँगे (इब्रा. 9:27)। इसी प्रकार भले लोग और बुरे लोग समान रूप से मरेंगे।

आप किस प्रकार की मृत्यु का अनुभव करने की आशा रखते हैं? प्रत्येक सप्ताह सूचनाओं का मीडिया प्रसिद्ध लोगों की मृत्यु के बारे में नाटकीय विवरण की रिपोर्ट प्रदान करता है। व्यक्तिगत रूप से, हमारे पाठ्य में हमारे वक्ता के समान, मैं मात्र एक धर्मी व्यक्ति की मृत्यु पाना चाहता हूँ। जैसा बिलाम ने कहा, "यदि मेरी मृत्यु धर्मियों की सी हो!"

क्यों? मृत्यु से धर्मी को क्या लाभ मिलेगा?

कुछ तरीकों में, मृत्यु के सम्बन्ध में अधर्मी से बढ़कर धर्मी को कोई लाभ नहीं है। पहला, उन्हें यह वायदा नहीं दिया गया कि वे मृत्यु से बच जाएँगे। यूहन्ना बपतिस्मादाता, यीशु और प्रेरित याकूब ये सब दुष्ट लोगों के हाथों मारे गए। जैसा उन्हें मरना था उसी प्रकार हमें भी मरना होगा। दूसरा, धर्मी व्यक्ति को यह वायदा नहीं दिया गया कि वे अधर्मी व्यक्ति की तुलना में कम शारीरिक पीड़ा का अनुभव करेंगे। मसीही व्यक्ति के रूप में जो आशीषें हम प्राप्त करते हैं वे प्राथमिक रूप से शारीरिक या भौतिक नहीं हैं। परमेश्वर हमसे वायदा नहीं करता कि वह हमारे सारे कष्टों को ले लेगा परन्तु इसके स्थान पर जब हम पीड़ा से ग्रसित होते हैं तब वह हमें सहायता प्रदान करेगा।

तब हमें धर्मियों की सी मृत्यु की इच्छा क्यों रखनी चाहिए? अधर्मी की तुलना में धर्मी को मृत्यु से क्या प्राप्त होगा? बाइबल उन लाभों के बारे में कुछ सुराग उपलब्ध करवाती है। आइए देखें कि धर्मियों की सी मृत्यु से मरने का अर्थ क्या है।

भले कामों के लिए याद किए जाएँ और भले लोगों के द्वारा हमारे लिए विलाप

किया जाए. जब दोरकास की मृत्यु हुई तब पतरस को याफा में बुलाया गया। वहाँ पर वह कलीसिया के सदस्यों से मिला जो उसकी मृत्यु के कारण रो रहे थे और उसके भले कामों के साक्ष्य के रूप में उसके द्वारा बनाए गए कपड़े दिखा रहे थे (प्रेरितों. 9:36-39)। भक्तों ने इसी प्रकार स्तिफनुस की मृत्यु के लिये बड़ा विलाप किया। (प्रेरितों. 8:2)।

एक ऐसी मृत्यु का अनुभव करने के लिए जो परमेश्वर की दृष्टि में "अनमोल" हो. संसार भर में लाखों लोग अभिनेताओं, राजनेताओं और प्रसिद्ध संगीतकारों की मौत पर विलाप करते हैं। क्या परमेश्वर ऐसे किसी विशेष व्यक्ति की मृत्यु पर विशेष ध्यान देता है? बाइबल सीधे तौर पर कहती है, "यहोवा के भक्तों की मृत्यु, उसकी दृष्टि में अनमोल है" (भजन 116:15; KJV)। प्रभु की दृष्टि में सच्चा प्रतिष्ठित व्यक्ति - वह व्यक्ति जिसकी मृत्यु की पहचान परमेश्वर करता है और उसे धन्य कहता है - वह है जिसने परमेश्वर के प्रति समर्पित जीवन व्यतीत किया।

स्वर्गदूतों के द्वारा अब्राहम की गोद में पहुँचा दिए जाएँ. यीशु के दृष्टान्त के अनुसार कंगाल लाजर, "स्वर्गदूतों के द्वारा अब्राहम की गोद में पहुँचा दिया गया" (लूका 16:22)। हो सकता है कि हममें से कुछ लोग इस जीवन में हवाई जहाज़ में उड़ने से घबराते हों परन्तु वह "जहाज़" - जिसमें हम स्वर्गदूतों के द्वारा उठाकर अब्राहम की गोद में पहुँचा दिए जाएँगे - ऐसा है जिसमें हममें से प्रत्येक व्यक्ति बैठना चाहेगा।

एक प्रतिफ़ल पाने के लिए. पौलुस ने कहा कि, वह "अच्छी कुश्ती लड़ चुका है," "अपनी दौड़ पूरी कर ली है" और उसने "विश्वास की रखवाली की है" इसलिए उसके लिए भविष्य में "धर्म का मुकुट" रखा हुआ है - जो मात्र उसी के लिए नहीं है परन्तु "उन सबके लिए है जो [मसीह] के प्रगट होने को प्रिय जानते हैं।" (2 तिमुथियुस 4:7, 8)। अन्य शब्दों में, भविष्य के लिए हम उसी प्रतिफ़ल को देख सकते हैं जो पौलुस को प्राप्त होने वाला था। विश्वासयोग्यता से प्रभु की सेवा करने के कारण हो सकता है कि पृथ्वी पर हम कुछ प्रतिफ़ल पाएँ परन्तु जब यह जीवन पूरा हो जाएगा तब हम विशाल रूप से प्रतिफ़ल पाएँगे (देखें मत्ती 25:31-46; प्रका. 2:10)।

परमेश्वर से आशीर्वाद पा सकें। प्रकाशितवाक्य 14:13 कहता है, "फिर मैं ने स्वर्ग से यह शब्द सुना, 'लिख: जो मृत्तक प्रभु में मरते हैं, वे अब से धन्य हैं।' आत्मा कहता है, 'हाँ, क्योंकि वे अपने सारे परिश्रम से विश्राम पाएँगे, और उनके कार्य उनके साथ हो लेते हैं।'" किनकी मृत्यु परमेश्वर के द्वारा धन्य ठहराई गई है? मात्र उन लोगों की जो "प्रभु में मरते है।" मसीही लोगों के लिए, इस कारण, परमेश्वर से आशीर्वाद पाने के लिए मृत्यु एक अवसर है।

जिससे पिता और पुत्र के साथ रहें। स्तिफनुस अपने मन में यीशु के दर्शन के साथ मरा; उसने यीशु को "परमेश्वर के दाहिनी ओर खड़ा हुआ देखा" (प्रेरितों. 7:55)। यीशु बैठे होने के स्थान पर खड़ा क्यों था? शायद वह स्तिफ़नुस के स्वागत के लिए तैयार हो रहा था। पौलुस ने कहा अगर वह मरता है तो पाता है कि वह यीशु के साथ है (फिलि. 1:21-24)। जब यीशु मरने पर था तब उसने कहा, "हे

पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूँ" (लूका 23:46)। हम भविष्य के लिए ऐसा देख सकते हैं कि हम परमेश्वर के साथ हैं इसलिए हम स्वयं के लिए भी ऐसा कह सकते हैं जैसा पौलुस के लिए है कि जीवित रहने से मर जाना लाभदायक है (फिलि. 1:21, 23)।

निष्कर्ष. धर्मी की मृत्यु से मरना, मृत्यु का सामना शान्त आश्वासन, एक आत्म विश्वास और आशा के साथ करना है जो अन्य लोगों के पास नहीं है। हो सकता है कि अन्य लोग भय के साथ काँपते हुए मृत्यु का सामना करें परन्तु मसीही लोगों को डरने की आवश्यकता नहीं है। हम जानते हैं कि मृत्यु एक उत्तम संसार में प्रवेश करने के लिए हमारे लिए एक द्वार खोलती है। कलीसिया का इतिहास रिकॉर्ड प्रदान करता है कि कितने ही विश्वासियों ने मसीह में अपनी मृत्यु का सामना - यहाँ तक कि क्रूर मृत्यु का, जैसे किसी खूँटे पर जला दिया जाना या शेरों के द्वारा खा लिया जाना - एक शान्त आश्वासन के साथ किया जिसने उनके शत्रुओं को चकित कर दिया।

जब हम जीवित हैं तब हम लोग भी मृत्यु के विषय पर क्यों विचार करें? हमें इस बात पर विचार करने की आवश्यकता है कि हम किस प्रकार मरेंगे क्योंकि अन्ततः हम सब को मृत्यु का सामना करना है। वास्तव में, मृत्यु हमारी सोच से बढ़कर शीघ्रता से आ सकती है। अगर ऐसा होता है तो हमें तैयार रहने की आवश्यकता है। हम किस प्रकार तैयार हो सकते हैं? मसीह की धार्मिकता के द्वारा, परमेश्वर के अनुग्रह से बचाए जाने के द्वारा और फिर एक धर्मी व्यक्ति का जीवन जीने के द्वारा धर्मी बनते हुए हम ऐसा कर सकते हैं। अगर किसी ने पूर्व में धर्मी जीवन नहीं जीया है तो वह एक धर्मी की मृत्यु से नहीं मरेगा।

समाप्ति नोट

[1]इन संकेतों के साथ ही NASB *मशाल* का अनुवाद "घृणा का पात्र" (भजन 44:14; 69:11; योएल 2:17), "ताना मारना" (यशा. 14:4; मीका 2:4), और "ताने के गीत" (हबक्कूक. 2:6) के रूप में करता है। [2]एडवर्ड डी. ग्रूहमेन, "बमोथ-बाल," इन *द इन्टरप्रिटर्स डिक्शनरी ऑफ़ द बाइबल,* एड. जॉर्ज आर्थर बट्टरिक (नाशविल्ले: एबिंगडन प्रेस, 1962), 1:345. [3]बरुक ए. लेवाईन, *गिनती 21-36*, द ऐंकर बाइबल, वोल. 5 (न्यु यॉर्क: डबलडे, 2000), 167. [4]टिमोथी आर. एशली, *द बुक ऑफ़ गिनती,* द न्यू इंटरनेशनल कमेन्ट्री ऑन द ओल्ड टेस्टमेंट (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1993), 470. [5]उपरोक्त, 478. [6]आर. डेन्निस कोल, "गिनती," इन *जोनडर्वन इलस्ट्रेटिड बाइबल बेकग्राउन्ड्स कमेन्ट्री*, वोल. 1, *उत्पत्ति, निर्गमन, लैव्यव्यवस्था, गिनती, व्यवस्थाविवरण*, एड. जॉन एच. वॉल्टन (ग्रैंड रेपिड्स, मिशिगन: जोनडर्वन, 2009), 383.